हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 14 सितंबर 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

07 सिरोंज में गूंजा सीरत-ए-नबी का संदेश, उमड़ी ...



08 टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने निकाली महारैली- तख्तियां...



खबर संक्षेप

प्रतिभा विकास संस्थान में आज होगा कार्यक्रम

विदिशा। पूरनपुरा स्थित प्रतिभा विकास संस्थान द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार को दोपहर 3 बजे कार्यक्रम होगा। इसमें साहित्यकार जगनमोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी गोवर्धन राजोरिया करेंगे। वहीं इंटेक चैप्टर विदिशा के संयोजक अरविंद श्रीवास्तव विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। संस्थान के संयुक्त सचिव विपुल शर्मा ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व और साहित्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में साहित्य एवं हिंदी भाषा से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श होगा।

झूलन पीर में सीरत ए-पाक का आयोजन

विदिशा। मस्जिद झूलन पीर में जमीयत उलेमा-ए-हिंद तहसील विदिशा के सौजन्य से सीरत-ए-पाक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भोपाल के नायब काज़ी मुफ्ती अली क़दर विशेष रूप से उपस्थित रहे। नात-पाक प्रस्तुत की गई, जिसे लोगों ने श्रद्धापूर्वक सुना। संबोधन में मुफ्ती अली क़दर ने हज़रत मोहम्मद साहब के जीवन, आदर्शों और अच्छे आचरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रेम, मानवता, भाईचारे और सद्भाव को जीवन में अपनाने की अपील की। अध्यक्षता मौलाना अलीम ने की। इस दौरान शहर काज़ी साजिद अली, मौलाना मशकूर, मौलाना फारूक नदवी, सोहेल अहमद, हाफिज सिद्दीक, मौलाना अनस सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष बने नारायण सिंह रघुवंशी



विदिशा। दुर्गानगर स्थित सेवा भारती में मप्र शिक्षक संघ की जिला इकाई का निर्वाचन हुआ। निर्वाचन अधिकारी देवी दयाल भारती एवं संभागीय संगठन मंत्री विनोद मालवीय के निर्देशन में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। नारायण सिंह रघुवंशी को जिलाध्यक्ष, कुलदीप भारती को जिला सचिव और अनिल मिश्रा को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया। जिला उपाध्यक्ष पद पर भागवती रघुवंशी, सुनीता ठाकुर, कमल सिंह रघुवंशी व कमल सिंह परिहार सहित अन्य शिक्षकों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संचालन मनोज नामदेव ने किया। इस दौरान सुनील रघुवंशी, एलआर अहिरवार, महेंद्र सिंह रघुवंशी सहित शिक्षक मौजूद रहे।

2 लाख 71 हजार 455 महिलाओं के खातों में 39.80 करोड़ की राशि

विदिशा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगर मालवा से लाड़ली बहना योजना की सितंबर माह की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। विदिशा जिले की 271455 लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में कुल 39.80 करोड़ रुपए पहुंचे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एनआईसी वीसी कक्ष में किया गया।

गणेशोत्सव: गणेश चतुर्थी पर अभिजीत मुहूर्त समेत शुभ योगों का बन रहा संयोग

आओ गजानन हर लो विघ्न-बाधाएं

11.49 से 12.38 बजे तक अभिजीत मुहूर्त

गणेश चतुर्थी पर इस बार शुभ योगों का महासंयोग बन रहा है। अभिजीत मुहूर्त में गणपति स्थापना होगी। 12 दिवसीय गणेशोत्सव में आज मध्याह्न व्यापिनी तिथि में पूजा होगी। आज सर्वार्थ सिद्धि, रवि और अमृत योग भी रहेंगे। शास्त्रों के अनुसार भगवान गणेश का प्राकट्य मध्याह्न काल में हुआ था, इसलिए इसी समय गणपति स्थापना को विशेष शुभ माना गया है। शहर में 100 से अधिक स्थानों पर छोटी बड़ी झांकियां लगाई गई हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना का पर्व गणेश चतुर्थी इस बार 14 सितंबर सोमवार को मनाया जाएगा। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि सोमवार सुबह 7.07 बजे शुरू होकर 15 सितंबर मंगलवार सुबह 7.44 बजे तक रहेगी। मध्याह्न व्यापिनी तिथि सोमवार को होने के कारण गणेश चतुर्थी इसी दिन मनाई जाएगी। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार गणपति स्थापना के दौरान अभिजीत मुहूर्त, स्थिर लग्न, सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, ब्रह्म योग, अमृत योग और चित्रा नक्षत्र का शुभ संयोग बन रहा है। गणेशोत्सव इस बार 12 दिवसीय रहेगा।

धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री के अनुसार भगवान गणेश हिंदू धर्म में प्रथम पूज्य देवता माने जाते हैं। किसी भी शुभ कार्य या पूजा-अनुष्ठान से पहले गणेश जी का पूजन किया जाता है। गणेश चतुर्थी पर विधि-विधान से पूजा और स्थापना करने से विघ्न-बाधाएं दूर होने तथा सुख-समृद्धि की प्राप्ति की मान्यता है। इस बार पर्व सोमवार को होने से इसका महत्व और बढ़ गया है। सोमवार भगवान शिव को समर्पित है और गणेश जी भगवान शिव एवं माता पार्वती के पुत्र हैं। ऐसे में श्रद्धालु गणपति के साथ पूरे शिव परिवार की कृपा की कामना करेंगे।



मध्याह्न काल में स्थापना सबसे शुभ मानी जाती है

शास्त्रों के अनुसार भगवान गणेश का प्राकट्य मध्याह्न काल में हुआ था, इसलिए इसी समय गणपति स्थापना को विशेष शुभ माना गया है। 14 सितंबर को सुबह 9.08 से 10.38 बजे तक शुभ चौघड़िया, सुबह 10.47 से दोपहर 1.03 बजे तक स्थिर वृश्चिक लग्न और 11.49 से 12.38 बजे तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा। दोपहर 3 से 4.30 बजे तक लाभ तथा 4.30 से 6 बजे तक अमृत चौघड़िया रहेगी। शाम 4.55 से 6.27 बजे तक स्थिर कुंभ लग्न रहेगा।

बप्पा को 21 दूर्वा और 21 लड्डुओं का लगाएं भोग

गणपति पूजन में सिंदूर, दूर्वा, लाल पुष्प, रक्त चंदन, शमी पत्र और मोदक का विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं को भगवान गणेश को 21 दूर्वा अर्पित करने और 21 लड्डुओं का भोग लगाने की सलाह दी गई है। इनमें से पांच लड्डू भगवान के पास रखने, पांच ब्राह्मण को दान करने और शेष प्रसाद के रूप में वितरित करने की परंपरा बताई गई है। गणेश अथर्वशीर्ष, संकट नाशक गणेश स्तोत्र, गणेश चालीसा, अष्टकम और 108 नामों का पाठ भी किया जा सकता है।

चित्रा नक्षत्र में होगा पर्व: पंचांग के अनुसार 14 सितंबर को तुला राशि का चंद्रमा रहेगा। चित्रा नक्षत्र 13 सितंबर दोपहर 1.07 बजे से 14 सितंबर दोपहर 1.55 बजे तक रहेगा। इस दौरान सर्वार्थ सिद्धि, अमृत, रवि, ब्रह्म और ऐन्द्र योग का संयोग रहेगा। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार ये योग पूजा-पाठ, स्थापना और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए शुभ माने जाते हैं।

स्थापना के प्रमुख मुहूर्त

अभिजीत मुहूर्त: दोपहर 11.49 से 12.38 बजे
स्थिर वृश्चिक लग्न: सुबह 10.47 से 1.03 बजे
शुभ चौघड़िया: सुबह 9.08 से 10.38 बजे
लाभ चौघड़िया: अपरान्ह 3 से 4.30 बजे
अमृत चौघड़िया: शाम 4.30 से 6 बजे
स्थिर कुंभ लग्न: शाम 4.55 से 6.27 बजे



गणपति को ये चीजें चढ़ाएं

21 दूर्वा, मोदक या लड्डू, सिंदूर, लाल पुष्प, रक्त चंदन, शमी पत्र, पान, सुपारी, नारियल, पंचामृत, ऋतु फल और दीपक पूजा में रखें। गणेश जी के प्रिय माने जाने वाले मोदक और दूर्वा का विशेष रूप से अर्पण करें।

गणेश अष्टकम का पाठ करें मंत्र "ॐ गं गणपतये नमः" का नियमित जाप

घर में गणपति स्थापना के लिए पूजा स्थान को पहले स्वच्छ करना चाहिए। गणेश प्रतिमा को लाल या पीले वस्त्र से सजी चौकी पर स्थिर स्थान पर विराजमान करें। स्थापना के बाद नियमित पूजा और आरती करें तथा सात्विक भोग लगाएं। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक मिट्टी से बनी प्रतिमा को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है। विसर्जन परिवार की परंपरा और स्थानीय पंचांग के अनुसार किया जाना चाहिए।

रोज करें मंत्र जाप

गणेश द्वादश नामावली, गणेश गायत्री मंत्र, गणेश चालीसा, गणेश अथर्वशीर्ष, संकट नाशक गणेश स्तोत्र और गणेश अष्टकम का पाठ किया जा सकता है। सरल मंत्र "ॐ गं गणपतये नमः" का नियमित जाप भी किया जा सकता है।



कुरवाई में 18 को युवा स्वरोजगार मेला

विदिशा। युवाओं को रोजगार, अप्रेन्टिसशिप और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने 18 सितंबर को आजीविका भवन जनपद पंचायत कुरवाई में युवा संगम, रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। मेले में निजी कंपनियों के प्रतिनिधि युवाओं के साक्षात्कार लेकर पात्र अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और ऋण सुविधा की जानकारी दी जाएगी। मेले में विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें 10वीं पास या उससे अधिक योग्यता वाले 18 से 35 वर्ष आयु के युवा भाग ले सकेंगे। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के दौरान शैक्षणिक प्रमाण-पत्र और अंकसूची साथ लाना अनिवार्य है।

लोक अदालत में 4,073 प्रकरणों का निराकरण



विदिशा। 12 सितंबर को जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न तहसील न्यायालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति और राजीनामे के आधार पर 4,073 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इन प्रकरणों में कुल 10 करोड़ 4 लाख 23 हजार 506 रुपए की समझौता राशि तय हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम के मार्गदर्शन में आयोजित लोक अदालत के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर 28 खंडपीठों का गठन किया गया था। इनमें आपराधिक शमनीय, सिविल, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति, राजस्व, वैवाहिक, बिजली, पानी, संपतिकर, बीएसएनएल और बैंक वसूली सहित अन्य प्रकरणों का निराकरण किया गया।

अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई, 13 प्रकरण बने

15.58 लीटर देसी शराब, 60 लीटर कच्ची शराब और 500 किलो महुआ लाहान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए 13 प्रकरण दर्ज किए हैं। 12 सितंबर को विभागीय अमले ने त्योंदा, दीपनाखेड़ा, अटारीखेजड़, मानोरा और ग्यारसपुर क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान टीम ने 15.58 लीटर देसी शराब, 60 लीटर कच्ची शराब और 500 किलो महुआ लाहान जब्त किया। अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और बिक्री के मामलों में कुल 13 प्रकरण कायम किए गए हैं।

आबकारी अधिकारी विकास त्रिपाठी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, धारण और विक्रय में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा सभी मामलों में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने मंदिर में की प्रार्थना

4 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रविवार को शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में प्रार्थना सभा की। यह सभा बाल विहार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में हुई। शिक्षकों की चार सूत्रीय मांगें भी थीं।

शिक्षकों ने भगवान से प्रार्थना की कि टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता खत्म की जाए। उनका कहना था कि जो शिक्षक कई सालों से काम कर रहे हैं, उन्हें अब टीईटी परीक्षा के नाम पर परेशान करना ठीक नहीं है। प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी दिया। शिक्षकों की चार मुख्य मांगें हैं। इनमें सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता खत्म करना, केंद्रीय वेतनमान के बराबर वेतन देना, पहली नियुक्ति की तारीख से वरिष्ठता बहाल करना और पुरानी पेंशन योजना को बिना शर्त लागू करना शामिल है। शिक्षक नेता चरण सिंह ने बताया कि प्रांतीय संगठन के कहने पर हर जिले में मंदिरों में प्रार्थना सभा हो रही है।



विदिशा। मंदिर में एकत्रित हुए बड़ी संख्या में शिक्षक।

सोयाबीन में जलभराव और कीट प्रकोप, खेतों में पहुंचा कृषि विभाग



खेत में पहुंचकर जांच करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अटारीखेजड़ा क्षेत्र में सोयाबीन और उड़द की फसलों की स्थिति का जायजा लेने रविवार को कृषि विभाग की तकनीकी टीम खेतों में पहुंची। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, किसानों और सोशल मीडिया पर मिली शिकायतों के आधार पर चक्कपाटनी, सुआखेड़ी, मढ़ीपुर, अटारीखेजड़ा, इमलावदा और दैहलवाड़ा सहित गांवों में फसलों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में कई खेतों में जलभराव के कारण फसल प्रभावित मिली। फलियों की संख्या कम पाई गई। अनियमित बारिश के कारण सोयाबीन में वनस्पतिक वृद्धि अधिक होने के साथ अनुकूल वातावरण में कीट एवं रोगों का प्रकोप भी देखा गया। अटारीखेजड़ा के किसान रविंद्र रघुवंशी के खेत में जलभराव और समय पर खरपतवार नियंत्रण नहीं होने से सोयाबीन की वृद्धि कम मिली तथा पूरे खेत में खरपतवार पाया गया।

उप संचालक कृषि सचिन जैन के नेतृत्व में दल ने किसानों को पीला मोजेक के लक्षण दिखने पर रोगग्रस्त पौधों को उखाड़ने और सफेद मक्खी नियंत्रण के लिए पीले स्टिकी ट्रैप लगाने को कहा गया। दल में जिला सलाहकार डॉ. डीके तिवारी सहित कृषि अधिकारी और फसल बीमा प्रतिनिधि शामिल रहे।

बारिश में भी छाता लेकर डटे रहे कार्यकर्ता, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का खामखेड़ा में स्वागत

खामखेड़ा। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह रविवार को सागर से डिल्लोद बैरसिया जाते समय खामखेड़ा कस्बे पहुंचे। उनके आगमन की जानकारी मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ता बारिश के बीच कई घंटे से उनके स्वागत के लिए इंतजार करते रहे। शाम करीब 4 बजे दिग्विजय सिंह के खामखेड़ा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बारिश तेज होने के बावजूद कुछ कार्यकर्ता छाता लेकर खड़े रहे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा।

सनातन हिंदू उत्सव समिति के नवीन कार्यालय का शुभारंभ

विदिशा। रविवार को सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के नवीन कार्यालय भवन का शुभारंभ किया गया। विधायक मुकेश टंडन एवं भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा ने भगवान गणेश और मां दुर्गा का पूजन किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रामराज दांगी, गणेश उत्सव संयोजक सोनू गोस्वामी, महामंत्री विजय दीक्षित, प्रवक्ता विमलेश सक्सेना व कपिल मतानी तथा मीडिया प्रभारी राजू रायकवार व सोम सोनी समिति पदाधिकारियों ने बताया कि 14 सितंबर को दोपहर 2.30 बजे नवीन कार्यालय में भगवान गणेश की स्थापना की जाएगी। इस दौरान वन विकास निगम उपाध्यक्ष राममोहन बघेल भी मौजूद रहे।



पीएम के जन्मदिन पर 71 हजार 930 बूथों पर जलेगा आशीर्वाद का दिया



विदिशा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएगी। रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने प्रेसवार्ता में अभियान की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर सहित विभिन्न सेवा गतिविधियां होंगी। इसी दिन सुबह 7.30 बजे प्रदेश के सभी 71,930 बूथों पर 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम होगा। कार्यकर्ता लाभार्थियों के घर पहुंचकर दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। राज्यमंत्री ने बताया कि 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने, 4.5 करोड़ से अधिक परिवारों को आवास, 12 करोड़ शौचालय और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन जैसी योजनाओं ने देश के जीवन में बड़ा बदलाव किया है। प्रेसवार्ता में विधायक मुकेश टंडन, डॉ. राकेश जादौन, श्यामसुंदर शर्मा, दिनेश सोनी, महामंत्री अनिल सोनकर, बलवीर रघुवंशी, डॉ. राहुल जैन, विशाल बैतुले आदि मौजूद रहे।

स्वर्ण-रजत विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे विदिशा का प्रतिनिधित्व

स्प्रिंगफील्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 14 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

70वीं एथलेटिक्स संभाग स्तरीय अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 प्रतियोगिता में स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक हासिल किए।

प्रतियोगिता 11 एवं 12 सितंबर को आयोजित हुई। खिलाड़ियों ने विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में दमखम दिखाते हुए विद्यालय और विदिशा का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक में सक्षम राज ने गोला फेंक में पहला स्थान हासिल किया, जबकि चक्का फेंक में रजत पदक जीता। मोनिका मालवीय ने 3 हजार मीटर चाल दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया। रजत पदक जीतने वालों में विवेक प्रजापति ने 5 हजार मीटर चाल दौड़, रागिनी जाट ने 3 हजार मीटर दौड़, अनुभव पेंड्रो ने 110 मीटर बाधा दौड़, स्पर्श कुमार उइके और नैनम अहीरवार ने भाला फेंक तथा उत्कर्षा रघुवंशी ने ऊंची कूद में सफलता हासिल की।

कांस्य पदक में स्पर्श कुमार उइके ने ऊंची कूद, आशीष मीना ने 400 मीटर दौड़, राधिका मंडेलिया ने भाला फेंक, हनी राजपूत और अनमोल पन्नू ने लंबी कूद तथा दिव्यांशु रॉय ने गोला फेंक में पदक जीता। प्रधानाचार्य विनय अग्रवाल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास की भावना विकसित करता है। संचालक योगेंद्र सिंह राणा, निदेशक मीनल राणा और करण प्रताप सिंह राणा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। स्वर्ण एवं रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी आगामी अक्टूबर में होने वाली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विदिशा का प्रतिनिधित्व करेंगे।



विदिशा। एथलेटिक्स स्पर्धाओं में विद्यालय और विदिशा का नाम रोशन किया।

- मोनिका ने 3 हजार मीटर चाल दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

धूमगिर और नागौरी में 40 हेक्टेयर वन भूमि से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज लटेरी। ग्राम धूमगिर और नागौरी में शनिवार को वन विकास निगम की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। वन विकास निगम अधिकारी माया शुक्ला के नेतृत्व में पहुंची टीम ने करीब 40 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान वन विकास निगम की जमीन पर खड़ी फसलों को वाहनों की मदद से नष्ट किया गया। बताया जा रहा है कि इन क्षेत्रों में लंबे समय से वन विकास निगम की जमीन पर अतिक्रमण कर खेती की जा रही थी। विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर पहले से कार्रवाई की जा रही थी। इसी क्रम में शनिवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की।

अवैध शराब के खिलाफ आबकारी का शिकंजा, 7 गांवों में ताबड़तोड़ दबिश



टीकमगढ़। जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, संग्रहण, परिवहन और उपभोग के खिलाफ आबकारी विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर शनिवार को आबकारी वृत्त जतारा क्षेत्र के सात गांवों में टीम ने एक साथ दबिश देकर अवैध शराब के कारोबार पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान देशी-विदेशी मदिरा के साथ बड़ी मात्रा में कच्ची शराब और महुआ लाहन बरामद किया गया। जिला आबकारी अधिकारी नरेश प्रताप सिंह के निर्देशन तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी मधुसूदन दीवान के नेतृत्व में आबकारी अमले ने ग्राम सिकंदरा, अर्चरा, मोहनगढ़, गोपालपुरा, गौर, पटनापुर एवं मस्तापुर में दबिश दी। इस दौरान आरोपी अजुद्धि केवट, अंकुश यादव एवं रामलाल कुशवाहा के कब्जे से अवैध मदिरा सामग्री बरामद की गई। अभियान के दौरान आबकारी टीम ने कुल 91 पाव देशी मदिरा, 3 बीयर, 50 लीटर महुआ से निर्मित कच्ची शराब तथा 500 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। कार्रवाई में कुल 6 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। बरामद लाहन को मौके पर नष्ट कराए जाने की कार्रवाई भी की गई। आबकारी विभाग ने आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(च) के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू की है। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति रही। कार्रवाई में आबकारी वृत्त प्रभारी जतारा तलत फैजी, आबकारी वृत्त प्रभारी टीकमगढ़ विजय कुमार, आबकारी मुख्य आरक्षक वीरेंद्र, आरक्षक सतीश तथा सैनिक पी.एन. अहिरवार सहित आबकारी अमला शामिल रहा। विभाग ने जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रखने की बात कही है।

6 प्रकरण दर्ज, 91 पाव देशी शराब, 3 बीयर, 50 लीटर कच्ची शराब और 500 किलो महुआ लाहन जब्त

आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं भारी वाहन चालक, सुबह 8 से रात 8 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

नो एंट्री के बाद भी कहीं भी ट्रक खड़ा कर खाली किया जाता है सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है, यातायात पुलिस लगातार चालानी कार्रवाई भी कर रही है। लेकिन इसके बाद भी नो एंट्री जोन में कहीं भी ट्रक खड़े करके खाली किए जाते हैं जिससे रोज जाम के हालात बन रहे हैं।दिन में नो एंट्री के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। इसके कारण बरेठ रोड़ , त्योंदा रोड स्टेशन रोड मिल रोड पर कहीं भी भारी वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। शहर का सबसे व्यस्त मार्ग बरेठ रोड है। 70 फीट से अधिक चौड़ाई होने के बाद भी दुकानों के बाहर सामान रख दिया जाता है और वहीं वाहनों की पार्किंग कर दी जाती है जिससे यह रोड 30 फीट का नजर आता है। जब यहां से लोडिंग ट्रक निकलते हैं तो जम के हालात बन जाते हैं। कई बार 18 पहिया वाहन शहर के अंदर प्रवेश कर जाए तो हालात और बिगड़ जाते हैं।जबकि सुबह 8 से रात 8 बजे तक एसडीएम के आदेश से भारी वाहनों का नगर में प्रवेश बंद किया गया है। उसके बाद भी नगर बाजारों और आवासीय क्षेत्रों में भारी वाहनों का प्रवेश जारी है। इतना ही नहीं मुख्य सड़कों पर वाहनों को खड़ा करने के बाद जगह जगह सामग्री खाली की जा रही है। इससे आए दिन जाम के हालात बन रहे हैं। बरेठ रोड त्योंदा रोड पर ट्रैफिक का दबाव बने रहने से आम लोगों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



रोड पर खाली करते हैं सामान

सड़क पर ट्रक खड़ा कर दुकान में सामग्री रखने से जाम लग जाता है। शहर का सबसे व्यस्त बाजार बरेठ रोड पर दुकानदारों के कब्जे में फुटपाथ है।यह शहर का सारा बड़ा मार्केट वन चुका है। इससे लगातार सड़क पर यातायात का दबाव बना हुआ है। अतिक्रमण से पूरे बाजार में पटरी गायब। हो चुकी है है। कृषि मंडी रबरयाई पहुंचने के बाद सड़क के मान से यातायात तीन गुना बढ़ चुका है। अधिकांश बड़े बैंक इसी मार्ग पर आ चुके हैं। वाहन पार्किंग सड़क तक हो रही है। पल पल पर जाम जैसे हालात बन रहे हैं। कई बार अधिकारियों तक के वाहन जाम में फंस चुके हैं। नगर पालिका की मुनादी का कोई असर नहीं है। दुकानदारों ने अपना सामन तक दुकानों के आगे से नहीं उठाया। सबसे आश्चर्य की बात है नए बस स्टैंड के जगन्नाथ मार्केट के सामने सड़क चौड़ी करण होते देर नहीं लगी।

सड़क चौड़ीकरण का चल रहा काम

वहां चाट बेचने वाले ने दुकान रख ली। अभी बरेठ रोड की दूसरी साइड सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। लेकिन इसके बाद भी लोग सड़कों पर वहां सामान रखने से बाज नहीं आ रहै। यातायात का दबाव की हालत देखकर कई बार बरेठ रोड पर चूने से लक्ष्मण रेखा बना चुकी है, लेकिन लक्ष्मण रेखा का कोई असर नहीं हुआ। बरेठ रोड पर सड़क के दोनों तरफ पटरी गायब है। व्यापारी पटरी का उपयोग सामग्री रखने और वाहन खड़ा करने कर रहे हैं। इससे पैदल चलने के लिए जगह नहीं है। बरेठ रोड पर अधिकांश सरकारी कार्यालय, महाविद्यालय, स्कूल, अधिकारियों व न्यायाधीशों के बंगले हैं। नई मंडी शुरू हो जाने पर ट्रालियों का दबाव और बढ़ जाता है। उस समय हालात ज्यादा बिगड़ जाते हैं। और पल-पल पर जाम लगने लगता है।यातायात की सबसे ज्यादा हालत भावसार पुलिया पर खराब है। तिराहे के कारण सबसे ज्यादा क्रासिंग का दबाव भावसार पुलिया पर रहता है। एक बार जाम लग जाता है तो 10-15 मिनट रास्ता बंद रहता है। पुलिया पहले सकरी कि अब इसकी चौड़ाई भी बढ़ गई है। लेकिन इसके बाद भी यहां जाम लगता है। यातायात के दवाब के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है। पहले भी आधा दर्जन स्कूली बच्चे सड़क दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। यातायात प्रभारी निरपट सिंह लोधी का कहना है कि भारी वाहनों का नगर प्रवेश के लिए जारी निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। प्रतिबंधित समय में दुकानों के सामने सामग्री खाली करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

टीएल बैठक में कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

सेवा संकल्प से स्वामित्व अधिकार तक, 17 सितंबर से चलेगा दोहरा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले में 17 सितंबर से शुरू होने वाले सेवा संकल्प अभियान और स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन अभियान को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में आयोजित टीएल बैठक में दोनों अभियानों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि दोनों अभियानों को बेहतर समन्वय के साथ संचालित किया जाए। इसके लिए प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, एनजीओ तथा स्कूल प्राचार्यों के साथ समन्वय बैठक आयोजित कर आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिला अधिकारियों के साथ दिनवार गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार कर अभियान का कैलेंडर बनाने को भी कहा, ताकि निर्धारित कार्यक्रमों का समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन हो सके। सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ अवसर पर 17 सितंबर को आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर श्रोत्रिय ने आजीविका मिशन एवं नगरीय निकायों को पर्याप्त संख्या में दियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों के बेहतर संचालन और व्यापक जनभागीदारी पर भी जोर दिया गया। बैठक में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को स्वामित्व योजना के पात्र भू-स्वामियों की ई-केवायसी प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-केवायसी का कार्य समय पर पूरा होने से अभियान के दौरान रजिस्ट्री की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपादित की जा सकेगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट किया कि अभियान के तहत आबादी भूमि के पात्र पट्टाधारकों की ही रजिस्ट्री की जाएगी। ऐसे में ग्रामीणों को योजना और पात्रता से संबंधित सही जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है। इसके लिए गांव-गांव व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम बलदेवगढ़ निशांत भूरिया, एसडीएम संस्कृति मुदित लटोरिया, डिप्टी कलेक्टर रमेश परमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निःशुल्क बांटी गईं प्लांटेबल इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गणेश उत्सव को पर्यावरण के अनुकूल बनाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से खुशियाँ बांटो फाउंडेशन द्वारा आज जयस्तंभ पर प्लांटेबल इको-फ्रेंडली गणेश जी की प्रतिमाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। फाउंडेशन की इस पहल का उद्देश्य लोगों को प्लास्टर ऑफ पेरिस (ढडढ) की प्रतिमाओं के स्थान पर प्राकृतिक मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। ढडढ की प्रतिमाओं के विसर्जन से जल स्त्रोतों में प्रदूषण बढ़ता है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव हमारी नदियों और जलीय जीवन पर पड़ता है। फाउंडेशन द्वारा तैयार की गई प्लांटेबल गणेश प्रतिमाएँ प्राकृतिक मिट्टी से बनाई गई हैं, जिन्हें विसर्जन के बाद पौधे के रूप में भी विकसित किया जा सकता है। इस पहल के माध्यम से श्रद्धा, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों ने लोगों से अपील की कि गणेश उत्सव में ढडढ की प्रतिमाओं से परहेज करें और मिट्टी से बने इको-फ्रेंडली गणेश जी को अपने घर लाएँ। इससे हमारी आस्था भी बनी रहेगी, पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा और हमारी नदियाँ भी प्रदूषण से बचेंगी। इस जागरूकता एवं सेवा कार्य में अमृतांशु यादव, सुयश राय, सोहरे मालवीय, ऋषिराज यादव, गौतम लोधी एवं कृष्णा श्रीवास्तव सहित फाउंडेशन के सदस्यों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। फाउंडेशन ने शहरवासियों से अपील की कि वे इस गणेश उत्सव पर ढडढ को ना कहें और मिट्टी के इको-फ्रेंडली गणेश जी को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

शराब दुकान के खिलाफ फूटा गुस्सा, सड़क पर बिखेरी बोतलें

महिलाओं ने कहा- शराब ने छीन ली घरों की खुशियां, भारी पुलिस बल पहुंचा, तहसीलदार ने कराया पंचनामा




टीकमगढ़। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होरी बराना में शराब दुकान के खिलाफ रविवार को ग्रामीणों का आक्रोश अचानक सड़क पर उतर आया। मरगुवां रोड स्थित हरिजन बस्ती में संचालित शराब दुकान पर बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे पहुंच गए। देखते ही देखते विरोध ने उग्र रूप ले लिया और ग्रामीणों ने दुकान में रखी देसी-अंग्रेजी शराब तथा बीयर की बोतलें निकालकर सड़क पर फेंक दीं। कुछ ही देर में सड़क पर शराब की टूटी हुई बोतलें बिखरी नजर आने लगीं। इस दौरान दुकान के सामान में आग भी लगा दी गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि बस्ती के बीच शराब दुकान संचालित होने से क्षेत्र में आए दिन नशे का माहौल बना रहता है। शराब के नशे में घर लौटने वाले लोगों के कारण परिवारों में विवाद और मारपीट की स्थिति बनती है। महिलाओं का कहना है कि शराब का सबसे अधिक दुष्प्रभाव परिवार की महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। उनका आरोप है कि शराब के कारण कई घरों की खुशियां प्रभावित हो रही हैं और लंबे समय से परेशानी झेल रहे ग्रामीणों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया।

रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण शराब दुकान के विरोध में एकजुट हो गए। महिलाओं और पुरुषों ने दुकान से शराब की बोतलें बाहर निकालकर सड़क पर फेंक दीं। विरोध के दौरान दुकान के सामान में आग लगा दिए जाने के बाद स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दिगौड़ा और देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। सुरक्षा की दृष्टि से शराब दुकान के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शराब के कारण मोहल्ले में आए दिन झगड़े होते हैं और नशे की हालत में लोग सार्वजनिक स्थानों पर विवाद करते हैं। ग्रामीण लंबे समय से बस्ती के बीच संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग कर रहे थे। रविवार को बड़ी संख्या में लोगों के एकजुट होने के बाद विरोध खुलकर सामने आ गया।

घटना की जानकारी मिलने पर लिधौरा तहसीलदार अनिल तलैया भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और मामले में पंचनामा तैयार कराया। वहीं दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणों को समझाकर मामला शांत करा दिया गया है। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

शह में गणेशोत्सव की धूम बाजारों में बढ़ी रौनक



गंजबासौदा। गणेश चतुर्थी पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजारों में आकर्षक गणेश प्रतिमाओं की दुकानें सज गई हैं। शुक्रवार को मराठी वेशभूषा में सजी एक बालिका गणेश प्रतिमा को हाथों में लिए मुस्कुराती नजर आई। बालिका के चेहरे पर बप्पा के आगमन का उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। इस बार बाजार में इको-फ्रेंडली और रंग-बिरंगी प्रतिमाओं की मांग अधिक है।



25 साल सेवा के बाद फिर परीक्षा क्यों...? शिक्षकों ने उठाया सवाल

टीकमगढ़। प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर शासन के समक्ष आवाज बुलंद की है। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध शिक्षक संघ की ओर से 13 सितंबर को प्रस्तुत मांगपत्र में शिक्षकों के सम्मान, सेवा सुरक्षा, वेतनमान, वरिष्ठता और पुरानी पेंशन योजना सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए हैं। शिक्षक संघ ने अपने मांगपत्र में कहा है कि वर्षों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सेवाएं दे रहे शिक्षकों के साथ नीतिगत निर्णयों के नाम पर ऐसा व्यवहार नहीं होना चाहिए, जिससे उनकी सेवा सुरक्षा और भविष्य प्रभावित हो। संघ ने विशेष रूप से टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने और गो बैक टीईटी की मांग उठाई है। शिक्षकों का कहना है कि वर्तमान में कार्यरत कई शिक्षक 20 से 25 वर्षों की नियमित सेवा पूरी कर चुके हैं। ऐसे में बीच सेवा में नियमों में बदलाव कर टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता लागू करना उनके लिए अन्यायपूर्ण है। संघ ने टीईटी से स्थायी मुक्ति देने की मांग की है। शिक्षक संघ ने मांग की है कि मध्यप्रदेश के शिक्षकों को केंद्र के समान केंद्रीय वेतनमान तत्काल उपलब्ध कराया जाए।

दहेज के दर्द से टूटा रिश्ता, लोक अदालत ने फिर जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

न्यायवृक्ष लेकर साथ घर लौटे पति-पत्नी, समझाइश के बाद दूर हुए गिले-शिकवे, एक बच्ची को फिर मिला साथ

कभी जिस रिश्ते में दहेज की मांग ने खुशियों को खामोश कर दिया था, उसी रिश्ते में शनिवार को फिर से उम्मीद की नई कोंपल फूटी। राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबे समय से अलग रह रहे पति-पत्नी आमने-सामने आए। दोनों के बीच संवाद हुआ, न्यायिक पीठ ने समझाइश दी और आखिरकार पति-पत्नी ने पुराने मतभेद भुलाकर दोबारा साथ रहने पर सहमति जताई। प्रकरण के निराकरण के बाद दोनों न्यायवृक्ष लेकर साथ अपने घर रवाना हुए। यह मामला केवल एक न्यायिक प्रकरण के निपटारे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि एक परिवार को बिखरने से बचाने और एक बच्ची को उसके माता-पिता का साथ फिर से मिलने की उम्मीद देने वाली भावुक कहानी बन गया। प्रकरण के अनुसार ग्राम नत्थीखेरा, थाना पूराकला, जिला ललितपुर निवासी महिला का विवाह वर्ष 2019 में हुआ था। विवाह के शुरुआती दिनों में दांपत्य जीवन सामान्य रहा, लेकिन बाद में पति एवं ससुराल पक्ष द्वारा दो लाख रुपये दहेज की मांग किए जाने का आरोप सामने आया। मांग पूरी नहीं होने पर महिला ने मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना की शिकायत की। इसी बीच दंपति के घर एक पुत्री ने जन्म लिया। पारिवारिक विवाद बढ़ने के बाद पति-पत्नी अलग-अलग रहने लगे। पति द्वारा भरण-पोषण की राशि नहीं दिए जाने पर महिला ने वर्ष 2026 में न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया। मामला न्यायालय में लंबित था और दोनों के बीच दूरियां लगातार बढ़ती जा रही थीं। समझाइश ने बदली रिश्ते की दिशा

राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर 12 सितंबर को खंडपीठ की पीठासीन अधिकारी मीना शाह एवं सदस्य भारती झा ने दोनों पक्षों से बातचीत कर उन्हें समझाइश दी। न्यायिक प्रयासों और आपसी संवाद के दौरान पति-पत्नी ने पुराने मतभेदों को दूर कर फिर से साथ रहने पर सहमति व्यक्त की। दोनों की सहमति के आधार पर प्रकरण का निराकरण किया गया। समझौते के बाद पति-पत्नी राजी-खुशी साथ घर के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रविणा व्यास ने दंपति को न्यायवृक्ष भेंट करते हुए उनके वैवाहिक जीवन के सुखमय भविष्य की कामना की। दंपति ने भी इस पौधे को अपनी संतान की तरह पालने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया। न्यायवृक्ष इस पूरे घटनाक्रम में केवल एक पौधा नहीं रहा, बल्कि दंपति के रिश्ते में आई नई शुरुआत का प्रतीक बन गया। जिस तरह पौधे को पानी, धैर्य और देखभाल की जरूरत होती है, उसी तरह रिश्तों को भी विश्वास, अपनापन और समझ की आवश्यकता होती है। दंपति ने पौधे को सींचने के साथ अपने रिश्ते को भी विश्वास और आपसी समझ से मजबूत करने का संकल्प लिया।



नवांकुर बहुद्देशीय साख सहकारी संस्था, मर्यादित, गंजबासौदा

DR/VDS/931/1-8-2014

दिनांक-08/09/2026

वार्षिक आमसभा सूचना

नवांकुर बहुद्देशीय साख सहकारी संस्था, मर्यादित, गंजबासौदा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 20/09/2026 दिन रविवार को प्रातः 11:00 बजे समीति कार्यालय नवांकुर भवन, बरेठ रोड, गंजबासौदा में आयोजित की गयी है। उपस्थित होने का कष्ट करें।

नोट- कोरम के अभाव में स्थगित शुदा बैठक उसी स्थान पर 1/2 घंटा पश्चात की जायेगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

अध्यक्ष
केशव लाहोरी

कुरआन पाठ से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ, बच्चों को किया सम्मानित

सिरोंज में गूंजा सीरत-ए-नबी का संदेश, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के पुराने बस स्टैंड परिसर में शनिवार रात करीब 9 बजे सीरत-ए-नबी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जमीयत उलेमा-ए-हिंद मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष गाजी वली अहमद चिश्ती ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ जामा मस्जिद के उप इमाम मौलाना मतीन उद्दीन द्वारा कुरआन पाठ से किया गया। इसके बाद 10 सितंबर को आयोजित नात प्रतियोगिता में चयनित बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने नात पेश कर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान लोगों ने तालियों के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मौलाना मोहम्मद यूसुफ फारूकी सीहोरा मंडी बामोरा, मौलाना मोहम्मद रफीक मलनिया तथा मुख्य अतिथि मौलाना सैयद शराफत अली नदवी, ताजुल मसाजिद भोपाल



सहित अन्य वक्ताओं ने हजरत मोहम्मद साहब के जीवन, आदर्शों, शिक्षाओं और मानवता के संदेश पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सैयद शराफत अली नदवी ने कहा कि हम काबा की दिशा में सजदा करते हैं, लेकिन सजदा हिंदुस्तान की धरती पर ही करते हैं। हिंदुस्तान हमारा देश है। उन्होंने कहा कि देश में आपसी भाईचारा, सद्भाव और प्रेम की भावना को मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से मिल-जुलकर रहने और देश की एकता एवं भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया।

नात प्रतियोगिता के विजेताओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान 10 सितंबर को आयोजित नात प्रतियोगिता के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग के विजेता बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान बासित जाकिरी, मदरसा उलूम उल कुरआन सिरोंज, द्वितीय दयानुल्लाह, जामिया रियाज उल इस्लाम बड़ी फाटक तथा तृतीय स्थान कनित मीर, मदरसा फरीदिया हिफ्जुल कुरआन सिरोंज ने प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान मोहम्मद काशिफ, जामिया रियाज उल इस्लाम बड़ी फाटक, द्वितीय मोहम्मद उस्मान, मदरसा रियाज उल इस्लाम सिरोंज तथा तृतीय स्थान मोहम्मद फाजिल मीर, मदरसा फरीदिया हिफ्जुल कुरआन सिरोंज ने प्राप्त किया। विजेता बच्चों को पुरस्कार मिलने पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में गाजी वली अहमद चिश्ती ने सामूहिक प्रार्थना कराई। इसके साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

अंतरराष्ट्रीय जैन पत्रकार महासम्मेलन की तैयारियां प्रारंभ

मुनिश्री सुधासागर महाराज से मिला प्रतिनिधिमंडल आयोजन को लेकर बनाई जा रही रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज





ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) द्वारा मुनिश्री सुधासागर महाराज के सानिध्य में इंदौर में अंतरराष्ट्रीय जैन पत्रकार महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। महासम्मेलन को लेकर आईजा द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों द्वारा लगातार बैठकें आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय जैन पत्रकार महासम्मेलन का आयोजन अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में किए जाने की तैयारी है। इस महासम्मेलन में देश-विदेश से जैन समाज से जुड़े पत्रकारों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन के माध्यम से जैन समाज, धर्म, संस्कृति, तीर्थों एवं सामाजिक गतिविधियों को पत्रकारिता के माध्यम से व्यापक स्तर पर सामने लाने तथा पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय और संवाद को मजबूत करने पर भी चर्चा की जाएगी। आयोजन को लेकर आईजा द्वारा विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। समितियों के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, अतिथियों के आमंत्रण, पत्रकारों की सहभागिता सहित अन्य तैयारियों को लेकर अलग-अलग स्तर पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। महासम्मेलन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया के निर्देशन में आयोजित किया जाएगा।

अतिथियों को आमंत्रित करने का सिलसिला शुरू

महासम्मेलन में प्रमुख अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का सिलसिला भी प्रारंभ हो गया है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय को महासम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने आईजा प्रतिनिधिमंडल से महासम्मेलन के आयोजन, उद्देश्य एवं तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक बड़जातिया, आईजा महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सोना जैन, भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

धार्मिक व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने दी श्रद्धांजलि

मदन मोहन सरकार के प्रधान महाराज नवनीत शर्मा की माता हेमलता का निधन

सिरोंज। श्री वैष्णव पुष्टीमार्गी श्री वल्लभ संप्रदाय के श्री सिद्ध चेतन देवाधिदेव मदन मोहन सरकार मंदिर पुजारी स्व. नारायण प्रसाद बड़े गुरु पुत्र गोलोक वासी महेश बाबू शर्मा के चिरंजीवी पुत्र महाराज नवनीत शर्मा चिरंजीव उदयवीर शर्मा की दादी हेमलता शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों सहित नगर के धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हेमलता शर्मा धार्मिक प्रवृत्ति एवं सरल, सहज और मृदुभाषी स्वभाव की महिला थीं। वे लंबे समय से परिवार की धार्मिक परंपराओं एवं सामाजिक गतिविधियों से जुड़ी रहीं। धार्मिक आयोजनों में उनकी सक्रिय सहभागिता रहती थी तथा वे परिवार के साथ सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थीं। उनके व्यवहार एवं सहज व्यक्तित्व के कारण परिवारजनों के साथ-साथ परिचितों और समाज के लोगों के बीच भी उनका विशेष सम्मान था। उनके आकस्मिक निधन से परिवार में गहरा दुख व्याप्त है। निधन की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में रिश्तेदार, परिचित, श्रद्धालु एवं शुभचिंतक शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचे और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। लोगों ने स्व. हेमलता शर्मा के सरल एवं धार्मिक जीवन को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने व शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।



अहिरवार समाज को संगठित कर महापुरुषों की विचारधारा घर-घर पहुंचाएं : डॉ. वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

नगर के श्री रविदास सत्संग भवन में अहिरवार समाज संघ भारत की तहसील स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में लटेरी तहसील के विभिन्न ग्रामों से समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और संत शिरोमणि रविदास महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं मोमबत्ती प्रज्ज्वलित कर की गई।

लटेरी में अहिरवार समाज संघ की तहसील स्तरीय बैठक आयोजित, गांव-गांव कार्यकारिणी गठन पर जोर

मुख्य अतिथि अहिरवार समाज संघ भारत के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. नारायण सिंह वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित सभी बहुजन महापुरुषों की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। संगठन के सभी कार्यकर्ता तन-मन-धन से जुटकर समाज को जागरूक और संगठित करें, ताकि समाज अपने हक और अधिकारों की आवाज मजबूती से उठा सके। विशिष्ट अतिथि अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष बबलू अहिरवार ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जगदीश सिंह सूर्यवंशी का विजन है कि संगठन की कार्यकारिणी प्रत्येक गांव में गठित हो। इससे समाज सामाजिक रूप से मजबूत होगा और संगठन का विस्तार गांव स्तर तक हो सकेगा। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एवं पूर्व डिप्टी रेंजर परमानंद अहिरवार ने कहा कि सगठन में ईमानदार और समाजहित में कार्य करने वाले लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए। समाजजनों का दायित्व है कि ऐसे कार्यकर्ताओं को समय, सहयोग और संसाधनों से मदद करें, जिससे समाज एकजुट होकर मजबूत संगठन के रूप में उभरे। बैठक में राजगढ़ जिले के जिला उपाध्यक्ष नैनक राम अहिरवार,, जिला मीडिया प्रभारी सीताराम वाघेला, गोपीलाल ठाकरे और वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष पहलवान सिंह प्रभाकर ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सी एस बौद्ध ने किया।

बाबा रामदेव के जयकारों के साथ निकाली शोभायात्रा



सिरोंज। नगर में बंजारा समाज द्वारा अपने आराध्य देव भगवान विष्णु के अवतार बाबा रामदेव का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। वहीं समाज द्वारा नगर के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकली गई। इसमें समाजजन रामदेवजी के निशान व धर्म ध्वजा हाथो में लेकर डीजे पर बज रहे भजनो पर थिरकते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। सुबह से शाम तक पूरा बंजारा समाज रामदेवजी के प्रति श्रद्धा भक्ति से सराबोर रहा। चल समारोह का नगर के मुख्य मार्गों पर विभिन्न समाजिक संगठनों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया।

जन विश्वास अभियान के आवेदनों के निराकरण पर कलेक्टर की नजर

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत गांवों में आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों और शिकायतों के त्वरित निराकरण को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि केवल आवेदन का निराकरण दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि आवेदक को वास्तविक लाभ और समाधान मिलना चाहिए। तत्काल निराकरण संभव नहीं होने पर आवेदक को स्थिति से अवगत कराते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रत्येक आवेदन की नियमित निगरानी और निराकृत प्रकरणों की जानकारी अद्यतन रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभियान की उपलब्धियों की जानकारी नियमित रूप से जनसंपर्क कार्यालय को देने तथा किसी भी समस्या या लंबित प्रकरण की सूचना जिला कार्यालय को देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

होटल-रेस्टोरेंटों का निरीक्षण, सोयाबीन तेल का नमूना लिया

विदिशा। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के निर्देश और कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण की कार्रवाई जारी है। रविवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कृष्णा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट, सैफ्रन रेस्टोरेंट, ग्रांड भेलसा होटल एवं रिवर साइड मीडो सहित विभिन्न होटल-रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की जांच की गई। संचालकों को खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित व गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कृष्णा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट से जांच के लिए सोयाबीन तेल का नमूना लिया।

छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए हुई कांग्रेस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

19 सितंबर को प्रदेश के इंदौर शहर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में संसद के नेता विपक्ष राहुल गांधी छात्रों युवाओं से संवाद करेंगे। छात्रों की गूंज कार्यक्रम के संबंध में कांग्रेस कमेटी, जिला समन्वय पदाधिकारी की बैठक हुई। जिसमें 19 सितंबर के कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन करने पर जोर दिया।

बैठक में सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह पटेल, पूर्व विधायक भगवान सिंह राजपूत, देवेंद्र सिंह पटेल गडरवास, डॉक्टर सीपी गौतम, जितेंद्र मिश्रा के साथ संपूर्ण रायसेन जिले से आए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पदाधिकारीयों की उपस्थिति रही। बैठक में वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर युवा, किसान, छात्र विरोधी और अनदेखी का आरोप लगाते हुए पेपर लीक मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कांग्रेसी नेताओं पदाधिकारीयों ने रायसेन जिले के सभी स्थानों से अधिकाधिक संख्या में युवा छात्र कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से 19 सितंबर को इंदौर पहुंचने रणनीति बनाकर युवाओं छात्रों को जोड़ने की अपील की है।





बाबा रामदेव महाराज का प्रकट दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया

बरेली। श्री बाबा रामदेव महाराज के प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में नगर के बड़ा बाजार स्थित वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद अलका नंदकिशोर चांडक के निवास पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बाबा के भक्तों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर बाबा रामदेव महाराज का जन्म उत्सव मनाया। आयोजन के दौरान दोपहर 12 बजे बाबा के जन्म उत्सव पर महाआरती का आयोजन किया गया। विधि-विधान एवं भक्तिभाव के साथ महाआरती संपन्न हुई। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाबा के जयकारे लगाए और सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। जन्म उत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की मौजूदगी और धार्मिक माहौल ने आयोजन को विशेष बना दिया।

प्रतिबंध के बावजूद बाजार में धड़ल्ले से बिक रही पीओपी की प्रतिमाएं

पर्यावरण और जल प्रदूषण का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से निर्मित मूर्तियों के उपयोग एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद नगर परिषद की सीमा में पीओपी की प्रतिमाओं का विक्रय बेखौफ जारी है। नगर में छोटे-बड़े दुकानदारों द्वारा खुले तौर पर पीओपी की मूर्तियां बिक्री के लिए रखी जा रही हैं, लेकिन इन्हें रोकने के लिए नगर परिषद की ओर से प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

प्रशासन की ओर से दुकानदारों को पीओपी की प्रतिमाओं के स्थान पर मिट्टी से निर्मित पर्यावरण अनुकूल मूर्तियों के विक्रय के लिए प्रोत्साहित किया जाना था, ताकि धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। लेकिन नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों की उदासीनता के चलते प्रतिबंधित पीओपी की प्रतिमाओं की बिक्री पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।



इनका कहना है...

गणेश उत्सव को लेकर गणेश प्रतिमाओं की नगर में लगभग सौ दुकान लगी हुई हैं। जब मैं दुकानदारों के पास गया तो मैंने शासन के नियम अनुसार प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों पर प्रतिबंध होने के कारण मूर्ति न बेचने का निवेदन किया। लेकिन नगर छोटा है धार्मिक नगरी है कई लोगों ने मुझे फोन करके बोला लोग पैसा देकर मूर्ति खरीद के आए हैं। गरीबों का बहुत नुकसान होगा इसलिए मूर्ति बेच रहे हैं। मूर्ति विसर्जन के समय नगर परिषद द्वारा नर्मदा तट एवं नदी किनारों पर गड्ढे कर मूर्तियों का विसर्जन करवाया जाएगा, जिससे जल प्रदूषण रोका जा सके।

हेमंत राजा भैया चौधरी, अध्यक्ष नगर परिषद बरेली

पति की दीर्घायु, सुख शांति के लिए महिलाओं का आज तीजा व्रत

'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष से 10 दिवसीय गणेशत्सव आज से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सोमवार को दो तिथि एक साथ होने से मंगल मूर्ति विघ्नहर्ता श्री गणेश की प्रतिमाएं विधि विधान से स्थापित कर 10 दिवसीय श्री गणेश उत्सव की शुरुआत होगी। महिलाओं द्वारा पति की दीर्घायु परिवार में सुख शांति के लिए हरतालिका तीजा व्रत रखकर भगवान शंकर एवं माता पार्वती की चारों पहर की विशेष पूजन की जाएगी। भाद्र पक्ष का सोमवार धार्मिक श्रद्धालुओं के लिए विशेष रहेगा।

गणेश प्रतिमाओं की स्थापना

नगर में लगभग 50 सार्वजनिक स्थानों पर विघ्नहर्ता मंगल मूर्ति श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापित होगी। इसके लिए समितियों द्वारा उत्साह पूर्वक आकर्षक पंडाल झांकी का निर्माण किया गया है। इसी के साथ श्री गणेश के भक्तों द्वारा घरों घर भी श्री गणेश प्रतिमाएं स्थापित कर 10 दिनों तक विशेष पूजन आरती की जाएगी। नगर के मुख्य मार्ग के किनारे पर लगी दुकानों पर छोटी बड़ी विभिन्न मुद्राओं की श्री गणेश प्रतिमाएं खरीदने भीड़ लगना शुरू हो गई है।

शंकर पार्वती की पूजन बंधेगा फुलेरा



तीजा व्रत के लिए महिलाओं में भारी उत्साह बना रहा। महिलाएं तीजा पूजन की सामग्री और स्वयं के लिए विभिन्न वस्तुएं खरीदने सक्रिय रहने से दुकानों पर भारी भीड़ रही। हरतालिका व्रत जिसे स्थानीय भाषा में तीजा भी कहा जाता है। भगवान शंकर और माता पार्वती की महिलाओं द्वारा फुलेरा बांधकर चारों पहर की विशेष पूजन और रात्रि जागरण किया जाता है। महिलाओं द्वारा पति की दीर्घायु परिवार में सुख शांति संतान की रक्षा के लिए तीजा व्रत रखा जाता है। वहीं कुंवारी युक्तियां भी अच्छे वर पति की कामना करते हुए तीजा का व्रत रखकर भगवान शंकर और माता पार्वती की विशेष पूजन और रात्रि जागरण में धार्मिक भजनों के कार्यक्रम भी होते हैं।

मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

विदिशा। ओलंपस हाई एवं लिटिल ओलंपियंस में मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बच्चों ने मिट्टी से पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमाएं तैयार कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। लिटिल ओलंपियंस में लायंस क्लब आनंदपुर सदुरु के सीएल गोयल व अशोक मोदी उपस्थित रहे। यहां प्रशिक्षण नीतू जेमा ने दिया। इस दौरान क्लब सदस्यों ने बाल कैंसर जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। ओलंपस हाई में लायंस क्लब सनराइज विदिशा के सेक्रेटरी शोभित भार्गव, चार्टर प्रेसिडेंट शालिनी भार्गव व तृतीय वाइस प्रेसिडेंट प्राची रघुवंशी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण राजकुमार अग्रवाल ने दिया। दोनों कार्यशालाएं डायरेक्टर मोहित रघुवंशी के मार्गदर्शन में हुईं।

कार्यालय :- मछुआ मारन पालन सहकारी संस्था मर्यादित विदिशा
तह. विदिशा जिला विदिशा
क्र./वा. प्र. / 2026-27/ दिनांक 14-9-2026
सूचना-पत्र
मछुआ मारन पालन सहकारी संस्था मर्यादित विदिशा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा की बैठक 28-9-26 दिन सोमवार को स्थान संस्था कार्यालय मछुआ मारन पालन सहकारी संस्था विदिशा में दोपहर 2:00 बजे सम्पन्न किया जाना सुनिश्चित हुआ है अतः आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
नोट :- कोरम के अभाव से बैठक 1/2 घंटे को स्थगित की जाएगी। उपरांत उसी स्थान दिनांक को बैठक की कार्यवाही की जावेगी जिसमें कोरम कि आवश्यकता नहीं होगी। सूचना पत्र पृथक से सदस्यों को प्रेषित किया जा रहा है।
सचिव (घनश्याम) अध्यक्ष

कान्हा बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित कोठिचार खुर्द
जिला विदिशा (म.प्र.)
पंजीयन क्रमांक-1047 दिनांक 11.09.2026
वार्षिक आम सभा सूचना
कान्हा बीज उत्पादक सहकारी समिति के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आम सभा की बैठक दिन शनिवार दिनांक 26/09/2026 को समय 1:00 बजे स्थान समिति मुख्यालय पर आयोजित की जाएगी। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आम सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
महेन्द्रसिंह रघुवंशी अध्यक्ष
सौरभ रघुवंशी प्रबंधक

हनुमानजी के चरणों में ज्ञापन सौंपकर टीईटी निरस्त करने की उठाई मांग

टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने निकाली महारैली-तख्तियां लेकर लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। रविवार को दोपहर बाद शिक्षक संयुक्त मोर्चा रायसेन के बैनर तले जिलेभर के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एकजुट होकर शहर में महारैली निकाली। शिक्षकों ने हाथों में तख्तियां लेकर टीईटी परीक्षा निरस्त करने और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाल करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। आंदोलन के दौरान शिक्षकों ने केंद्र व प्रदेश सरकार के साथ ही सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को सद्बुद्धि देने के लिए हवन भी किया। शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सक्सेना और सीताराम रैकवार के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाएं पहले तहसील कार्यालय परिसर स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर में एकत्रित हुए। यहां विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा के मुद्दे पर सरकार और न्याय व्यवस्था से जुड़े जिम्मेदारों को सद्बुद्धि मिलने तथा उनकी मांगों का समाधान होने की प्रार्थना की।

केंद्र प्रदेश सरकार व सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को सद्बुद्धि के लिए किया हवन



टीईटी बंद करो, निरस्त करो के लगाए नारे

महारैली के दौरान शिक्षक लगातार नारेबाजी करते रहे। शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा बंद करो, निरस्त करो, अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाल करो जैसे नारे लगाए। शिक्षकों ने कहा कि वे अपने अधिकार की मांग कर रहे हैं और इसके लिए आंदोलन को आगे भी जारी रखा जाएगा। शिक्षकों का कहना है कि टीईटी परीक्षा को लेकर लंबे समय से विरोध जताया जा रहा है। इसके बावजूद उनकी मांगों पर अपेक्षित निर्णय नहीं होने से शिक्षकों में नाराजगी है। इसी के चलते आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है।

तहसील कार्यालय मंदिर परिसर से शुरू हुई महारैली

हवन-पूजन के बाद दोपहर में शिक्षकों ने महारैली निकाली। रैली तहसील कार्यालय परिसर से शुरू होकर सांची रोड, भारत माता चौराहा, महामाया चौक होते हुए सागर-भोपाल तिराहे तक पहुंची। यहां से रैली जिला भाजपा कार्यालय के सामने से होते हुए बस स्टैंड के सामने से मोईपुरा वार्ड-8 स्थित भगवान चित्रगुप्त सिद्ध हनुमान मंदिर पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे। हाथों में टीईटी परीक्षा के विरोध और अपनी मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर शिक्षक नारे लगाते हुए आगे बढ़े। रैली के दौरान शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई और सरकार से तत्काल निर्णय लेने की मांग की।



संकट मोचन हनुमानजी के चरणों में सौंपा ज्ञापन

महारैली के समापन के बाद शिक्षक-शिक्षिकाएं मोईपुरा स्थित भगवान चित्रगुप्त सिद्ध हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां शिक्षकों ने मारुति नंदन हनुमानजी के श्रीचरणों में अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन अर्पित किया। इसके बाद हवन-पूजन कर केंद्र प्रदेश सरकार और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की गई। शिक्षकों ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था का विरोध करना नहीं।बल्कि अपनी मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार तक पहुंचाना है। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

ये शिक्षक रहे शामिल

महारैली में अनिमेष सक्सेना, हरिराम विश्वकर्मा, राजेश जोशी, केके तिवारी, रामबाबू धाकड़, मनोज शाक्य, संजय रघुवंशी हेमलता शर्मा ,जानकी लोधी, प्रमिला सिंह, मनीष श्रीवास्तव प्रभा कन्नौजिया, मंजू खत्री ,अनुराधा लोधी, दीपा शर्मा,मनीष नामदेव, बने सिंह वर्मा, राजकुमार खत्री, राकेश अहिरवार, अरविंद कटियार, मनोहर राठौर, रमा मालवीय, पुष्पा कन्नौजे, राजेश मालवीय, पुष्पा चक्रवर्ती, रानी देवी तामरे, अभिषेक अग्निहोत्री, पवन सोनी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

17 सितंबर से लेकर 17 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा कार्य के कार्यक्रम होंगे

प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाएगी भाजपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 17 सितंबर जन्म दिवस के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर सेवा पखवाड़ा सेवा संकल्प अभियान के रूप में 17 सितंबर से लेकर 17 अक्टूबर तक जिले भर में विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए जिले में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसके लिए टोली का गठन किया गया है । इस संबंध में भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक सुरेंद्र पटवा एवं पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसके लिए हमारे द्वारा रूपरेखा बनाई गई है और कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर टोलिया बनाई गई है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि बूथ स्तर पर 17 सितंबर,स्कूल स्तर पर 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक, सार्वजनिक स्थल पर 6 सितंबर से 8 सितंबर, कॉलेज में सामग्री वितरण किया जाएगी 8 से 17 सितंबर तक रिहर्सल 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक नाटक रूपांतरण के कार्यक्रम, 2 अक्टूबर को प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।आंगनबाड़ी स्तर पर 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक कार्यक्रम होगा, मंडल से बूथ स्तर तक 17 सितंबर से 10 अक्टूबर तक परिवर्तनों से जोड़कर विकास की वास्तविक कहानी प्रदेश तक पहुंचाया जाएगा यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित होगा।

गांव मंडल विधानसभा जिला स्तर की जनभागीदारी यात्राएं 17 सितंबर से 10 अक्टूबर तक प्रदेश से कार्यक्रम अवगत कराया जाएगा, 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विधानसभा एवं मंडल स्तर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जनपद एवं नगर पालिका ब्लॉक स्तर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक भूत स्तर तक के लिए तैयारी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्म दिवस पर जिला स्तर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिला स्तर पर 17 अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिला मुख्यालय पर सामूहिक रूप से दीप प्रजलन का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर प्रेस वार्ता के दौरान मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, उपाध्यक्ष राकेश तोमर मीडिया प्रभारी सीएल गौर मौजूद रहे।

पेट्रोल पंप माना पर स्कूटी सवार लुटेरों ने कर्मी से की 10 हजार रुपए की लूट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बीती रात सैंडोरा पुलिस चौकी के तहत पेट्रोल पंप माना पर स्कूटी सवार लुटेरे आज हम के लुटेरों ने चोरी की नोक पर पेट्रोल पंप नावेद खान पर हमला कर दिया इसके बाद उसके पास से रखे नदी 10000 छीन कर लुटेरे फरार हो गए पेट्रोल पंप संचालक यशवंत मीणा द्वारा पुलिस चौकी सैंडोरा में लूट का प्रकरण दर्ज करवाता करवा दिया है। लेकिन इतने घंटे बीत जाने के बाद भी लुटेरों को पकड़ने में सेडोरा पुलिस चौकी अंधेरे में तीर चला रही है। यह बड़े शर्म की बात है यह पेट्रोल पंप जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा का है। लुटेरों के हौसले बुलंद हैं कि वह बेखौफ होकर नेशनल हाईवे रायसेन भोपाल के माना के नजदीक पुलिस चौकी सेण्डोरा से महज चंद कदम दूरी पर लूट की वारदात को अंजाम देते हैं।

रायसेन और सैंडोरा पुलिस लुटेरों का सुराग लगाना तो दूर की बात हाथ पर हाथ धरे बैठी है। लुटेरों के गिरोह के तार राजधानी भोपाल या फिर किसी पारदी कंजर गिरोह से भी जुड़े हो सकते हैं। घटना के पूर्व लुटेरों की गैंग द्वारा रेकी भी की होगी। तभी इस लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। इधर सेण्डोरा पुलिस चौकी प्रभारी शैलेन्द्र दायमा का कहना है पुलिस टीमें लुटेरों के डेरों पर लगातार दविश दे रही है। जल्द ही पेट्रोल पंप माना पर हुई लूट का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

बरेली के दो बड़े प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा टीम को मिलीं कई खामियां

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम को होटल-रिसोर्ट की रसोई में मिली गंदगी

फंगस लगी गोभी से बना रहे थे खाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बरेली

होटल, रेस्टोरेंट और रिसोर्ट में ग्राहकों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई को लेकर जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने रविवार को बरेली क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने होटल-रेस्टोरेंट और रिसोर्ट की रसोई का निरीक्षण किया तो कई गंभीर लापरवाहियां सामने आईं। कहीं किचन में कीटों की रोकथाम के इंतजाम अधूरे मिले तो कहीं खाद्य सामग्री का स्टोरेज ही अव्यवस्थित मिला। सबसे चौंकाने वाली स्थिति मिडवे ट्रीट में मिली, जहां सब्जी बनाने के लिए रखी गोभी खराब होने के साथ उसमें फंगस लगी थी। टीम ने मौके पर ही उसे नष्ट कराया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश के निर्देश और कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर 12 सितंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बरेली तहसील के होटल, रेस्टोरेंट एवं रिसोर्ट का निरीक्षण किया। टीम ने मिडवे ट्रीट, समनापुर जागीर और द इंडियन रिसोर्ट, भोपाल-जबलपुर हाईवे रोड का निरीक्षण किया।

सब्जी बनाने के लिए रखी गोभी बेहद खराब थी

मिडवे ट्रीट (विहान हॉस्पिटिलिटी लिमिटेड) के निरीक्षण में कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं मिले। पेस्ट कंट्रोल की गतिविधियों के दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए



गए। पेयजल की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट भी नहीं थी। रसोई में सब्जी बनाने के लिए रखी गोभी बेहद खराब स्थिति में मिली और उसमें फंगस लगा था। खाद्य सुरक्षा टीम ने उसे मौके पर ही नष्ट कराया।

दूसरे रिसोर्ट की रसोई में भी कई कमियां

द इंडियन रिसोर्ट में भी कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट और पेस्ट कंट्रोल से संबंधित दस्तावेज नहीं मिले। किचन के ड्रेनेज में लगी जाली पूरी तरह कवर्ड नहीं थी। एक्जॉस्ट और चिमनी की निकासी भी ऐसी सूक्ष्म जाली से कवर नहीं थी।जिससे बाहर से कीटों के प्रवेश को रोका जा सके। चूहे और अन्य कीटों की रोकथाम के पर्याप्त इंतजाम नहीं मिले। खाद्य सामग्री के स्टोरेज में भी सामान का रखरखाव उचित नहीं पाया गया।

पनीर, दाल से लेकर बेसन और मिठाई के सैंपल लिए...

जिला खाद्य सुरक्षा टीम ने दोनों प्रतिष्ठानों से पनीर, कश्मीरी मिर्च, बेसन, तुअर दाल, कलाकंद, काबुली चना सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लिए। इसके अलावा बरेली की निखिल बेकरी एंड फैमिली रेस्टोरेंट से पनीर और बूंदी के लड्डू के नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं।

सुधार नहीं हुआ तो लाइसेंस होगा निलंबित

निरीक्षण में मिली कमियों को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रतिष्ठानों को निर्धारित समय में कमियां दूर करनी होंगी। समय सीमा में सुधार नहीं होने पर लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी।

पहले के अभियान में घी-पनीर के नमूने भी फेल

दूध एवं दुग्ध पदार्थों के संबंध में चलाए गए पूर्व अभियान में मंडीदीप से लिए गए दो पनीर, दूध और खजुराहो घी के नमूने अवमानक पाए गए हैं। वहीं रायसेन से लिए गए डीएफ गोल्ड काउ घी का नमूना असुरक्षित पाया गया है। इन मामलों में पूरी विवेचना के बाद सक्षम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा। कार्रवाई में नायब तहसीलदार बरेली योगेश शुक्ला एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र नुनइयां शामिल रहे।

त्वचा पर लगाने वाला गुलाबबरी खाद्य पदार्थ में इस्तेमाल

निरीक्षण में एक और गंभीर लापरवाही सामने आई। दोनों प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों में गुलाब जल के स्थान पर डाबर गुलाबबरी का उपयोग किया जा रहा था। टीम के अनुसार यह अखाद्य सामग्री है और त्वचा पर बाहरी उपयोग के लिए होती है। इसके बावजूद इसे खाद्य पदार्थों में इस्तेमाल किया जा रहा था।

पिंजरा लगाकर रेस्क्यू की तैयारी

सांची बौद्ध स्मारक के पास फिर दिखा बाघ, वन विभाग अलर्ट

14 कैमरों से 24 घंटे की जाएगी निगरानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सांची बौद्ध स्मारक क्षेत्र के आसपास बाघ की मौजूदगी की सूचना के बाद वन विभाग ने निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। मालूम हो कि रायसेन पश्चिम वन परिक्षेत्र की सांची वनबीट से लगे जंगल और बौद्ध स्मारक परिसर के आसपास पिछले कई रोज से बाघ के विचरण की सूचना विभागीय अधिकारियों को मिल रही थी। सूचना मिलते ही वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मानव और वन्यजीव दोनों की सुरक्षा के लिए तत्काल निगरानी शुरू कर दी। वन विभाग ने बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 14 कैमरा ट्रैप लगाए हैं। कैमरों से मिलने वाले फुटैज का लगातार विश्लेषण किया जा रहा है। ताकि बाघ के आवागमन और विचरण क्षेत्र की सटीक जानकारी मिल सके। विभाग की टीम दिन-रात क्षेत्र की निगरानी कर रही है।

पिंजरा लगाकर रेस्क्यू की तैयारी

बाघ को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू ऑपरेशन करने के लिए मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, भोपाल से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत पिंजरा लगाया गया है। रेस्क्यू की पूरी कार्रवाई पशु चिकित्सक की निगरानी और तकनीकी मार्गदर्शन में की जाएगी। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाघ की गतिविधियों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। वन अमले द्वारा कैमरा ट्रैप से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर बाघ के आवागमन और विचरण क्षेत्र की लगातार पड़ताल की जा रही है। यानी अब निगरानी सिर्फ सूचना तक सीमित नहीं है। बल्कि कैमरों से मिले प्रमाणों के आधार पर बाघ की लोकेशन और गतिविधियों को ट्रैक किया जा रहा है।

मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकना प्राथमिकता

वन विभाग के डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, एसडीओ रजनीश कुमार शुक्ला के अनुसार बाघ का सुरक्षित रेस्क्यू करने के साथ क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति पैदा न हो।इसके लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। विभाग का मैदानी अमला बाघ की गतिविधियों पर 24 घंटे नजर रख रहा है। कैमरा ट्रैप से प्राप्त जानकारी के आधार पर जरूरत पड़ने पर आगे आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस जांच करने में जुटी

डूंगरिया में महिला ने कीटनाशक पीकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बेगमगंज

ग्राम डूंगरिया में सुबह 65 वर्षीय विधवा महिला ने अज्ञात कारणों से घर में कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिजन खेत पर काम करने गए थे। महिला घर में अकेली थी। सुल्तानगंज पुलिस के मुताबिक स्वर्गीय गोविंद अहिरवार की पत्नी सोमत्ता बाई अहिरवार ने घर में कीटनाशक का सेवन किया। खेत से लौटे बेटे ने मां को नाली के पास बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। उसने परिजन और पड़ोसियों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचे डॉक्टर ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि सोमत्ता बाई के पति और तीन बेटों में से दो की पहले ही मौत हो चुकी है। परिवार में अब एक ही पुत्र है।वही घटना के समय खेत पर गया था। महिला ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण सामने नहीं आया है। इस संदिग्ध मामले में फिलहाल सुल्तानगंज पुलिस ने शव का मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

किसानों की समस्याओं को लेकर विशाल ट्रैक्टर रैली निकालकर आमसभा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बेगमगंज में किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को ट्रैक्टर रैली एवं आम सभा आयोजित होगी। जिला अध्यक्ष एवं विधायक देवेन्द्र पटेल ने बताया कि मौसम के कारण खरीफ फसलों में सोयाबीन, मक्का, धान को हुए भारी नुकसान एवं किसानों की फसलों का बीमा नहीं दिया गया। फसलों का मुआवजा एवं बीमा दिलाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस के नेतृत्व में सोमवार को सुबह 10 बजे बेगमगंज के लोहामील तिगड्डा से ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी, जो मुख्य मार्ग पर बस स्टैंड होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी। जहां पर मप्र किसान कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान, रायसेन जिला प्रभारी शैलेन्द्र पटेल, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक देवेन्द्र पटेल गडरवास एवं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत सिंह रघुवंशी की उपस्थिति में दशहरा मैदान में आमसभा आयोजित होगी।

मूर्तिकारों ने प्रतिमाओं को रंग रूप देकर सजाया, संवारा

हरतालिका तीज व चतुर्थी एक ही दिन, शिव-पार्वती व गणेश की आज होगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की तृतीया और चतुर्थी तिथि के अद्भुत संयोग के बीच इस वर्ष 14 सितंबर सोमवार को हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का पर्व एक साथ मनाया जाएगा। कई वर्षों के बाद ऐसा दुर्लभ योग बन रहा है।

शास्त्रों में अत्यंत शुभ माना गया है। इस पावन अवसर पर जहां सुहागिन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं अखंड सौभाग्य और मनचाहे वर के लिए निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करेंगी।वहीं दूसरी ओर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की स्थापना व आराधना का महापर्व भी पूर्व हर्षोल्लास के साथ शुरू होगा।जैसे-जैसे



गणेशोत्सव का पर्व नजदीक आ रहा है, मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं।

पंडित मुकेश भार्गव के अनुसार,तृतीया तिथि 13 सितंबर सुबह 7.15 बजे से शुरू होकर 14 सितंबर सुबह 7.19 बजे तक रहेगी। इसके तुरंत बाद चतुर्थी तिथि का प्रवेश हो जाएगा। शास्त्रों के अनुसार, जब तृतीया तिथि चतुर्थी से युक्त होती है और साथ ही हस्त नक्षत्र का योग बनता है। तो वह व्रत अत्यंत फलदायी सिद्ध होता है। इसी कारण 14 सितंबर को ही तीज और गणेश चतुर्थी दोनों का व्रत मान्य रहेगा।

क्यों खास है यह महाव्रत

पौराणिक कथाओं के अनुसार, माता पार्वती को सखियां उन्हें घने जंगल में ले गई थीं.जहां उन्होंने गुफा में हस्त नक्षत्र के दौरान बालू (रेत) के शिवलिंग की स्थापना कर कठोर तप किया था। इसी तप से प्रसन्न होकर शिवजी ने उन्हें वरदान दिया था।

मिटेंगे ग्रह दोष

इस दिन गणेश चतुर्थी का योग होने से भगवान गणेश की आराधना का भी विशेष महत्व रहेगा। जिन जातकों की कुंडली में बुध ग्रह जनित दोष हो या सूर्य शाप योग के कारण संतान प्राप्ति में अड़चन आ रही हो।उनके लिए यह दिन वरदान समान है। ऐसे जातकों को इस दिन गणेश चतुर्थी का व्रत रखकर गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ और अनुष्ठान करना चाहिए, जिससे समस्त बाधाएं दूर होती हैं।